# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 19 जनवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### 31 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2026 के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों /व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे। आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री कर्मवीर शर्मा ने जानकारी दी है कि पुरस्कारों के लिये संगठनों/व्यक्तियों का चयन एक जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि में की गई गतिविधियों के आधार पर किया जायेगा। राज्य स्तरीय तीन पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार 1,11,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 51,000 रूपये और तृतीय पुरस्कार 25,000 रूपये का दिया जायेगा। संभागों में भी तीन पुरस्कार दिये जायेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 21,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11,000 रूपये और तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये का होगा।

### समाज की एकता को लेकर किया मंथन

**सीहोर।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के तत्वाधान में पूरे देश व्यापी सहित आस-पास के प्रदेशों में राष्टीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया और युवा संगठन के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल के द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को प्रदेश के धार जिले स्थित पिथमपुर में राष्टीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज की एकता को लेकर मंथन के पश्चात आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से की गई। कार्यक्रम में राष्टीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया और युवा संगठन के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल मौजूद रहे। समाज के नव नियुक्त पदाधिकारी, युवा साथी और समाजजन ब?ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में संगठन से जु? विषयों, समाज की एकता, प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार और आगे की गतिविधियों पर चर्चा हुई। राष्टीय कार्यकारिणी के दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी पवन चौधरी, राजेश चौधरी, जीवन सिंह, राजेश, विमल, नितिन और पंकज मुकाती आदि शामिल थे।

### नवीनीकरण की अंतिम तिथि अब कल

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026ङ्क27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, किन्तु तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

### किसान प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सीहोर।** इछावर तहसील के भाऊखेड़ी के आजीविका पार्क मैं एकीकृत बागवानी मिशन योजना (एमआईडीएच) के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण सेमिनार का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही किसानों को उद्यानिकी फसलों में लगाने वाले कीट एवं रोग की पहचान और इसके प्रबंधन के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उद्यानिकी फसलों में तकनीकी का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन के तरीकों से अवगत कराया गया। किसानों को बताया गया कि वे किस प्रकार अपने उत्पादों की आकर्षक पैकिंग एवं ब्रांडिंग करके उनकी अच्छी मार्केटिंग कर सकते हैं।

विधायक राय की पहल रंग लाई, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की घोषणा

# सीहोर-श्यामपुर सड़क के फिरेंगे दिन टू लेन की जगह बनाई जाएगी फोरलेन

**जागरण, सीहोर।** बीते एक दशक में एक से अधिक बार करोड़ों की लागत से बनाई गई सीहोर श्यामपुर सड़क इन दिनों खस्ताहाल बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और डामर उखड़ जाने से यातायात लम्बे समय प्रभावित होता चला आ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी ट्रेक्टर ट्रालियों में अपनी उपज लेकर आने जाने में हो रही परेशानियों में अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद नजर आने लगी है। बीते दिनों विधायक सुदेश राय की पहल पर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि सीहो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीहोर से श्यामपुर तक फोरलेन सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा।



#### यातायात होगा व्यवस्थित

केन्द्रीय मंत्री की घोषणा के अनुरूप यदि सीहोर से श्यामपुर की ओर जाने वाला मार्ग जो वर्तमान में टू लेन है और उसकी हालत खस्ता बनी हुई है। ऐसे में यदि जल्द से जल्द फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होता है तो आने वाले समय में सीहोर से श्यामपुर पहुंचने में समय की बचत तो होगी ही वहीं इस मार्ग पर यातयात भी सुचारू बने रहने की संभावना बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय से नरसिंगढ़, ब्यावरा, ग्वालियर तथा राजगढ़ होते हुए जयपुर की ओर जाने वाले नागरिकों को श्यामपुर पहुंचने में काफी सहुलियत हो जाएगी ताकि वह श्यामपुर से अपने गंतव्य की और जाने वाले वाहन पकड़ सकें। गौरतलब है कि वर्तमान में श्यामपुर सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए शहरवसी भोपाल पहुंचकर ही अपने गंतव्य की ओर रवाना होते हैं। इस घोषणा से शहर सहित विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है।

#### यातायात की बढ़ेगी कनेक्टीविटी

केन्द्रीय मंत्री की घोषणा के अनुरूप यदि सीहोर श्यामपुर मार्ग टू लेन के स्थान पर फोरलेन सड़क में तब्दील होता है तो सीहोर श्यामपुर के बीच वाहनों की आवाजाही तो सुगम होगी ही वहीं सीहोर के साथ ही कालापीपल, शुजालपुर तथा शाजापुर की ओर से आने वाले वाहनों को भी अपने गंतव्य में पहुंचने में यह मार्ग लाभदायक होगा। वहीं राजस्थान के रामगंज मंडी से भोपाल तक रेल्वे की पटरियां बिछाने का काम लगभग पूर्णतः की और है। वहीं इस रेल्वे रूट पर स्टेशनों का निर्माण भी शुरु हो चुका हे उम्मीद है कि इस वर्ष के आखिर तक रामगंज मंडी और भोपाल के बीच ट्रेनों की आवाजाही की भी पूरी उम्मीद है। ऐसे में श्यामपुर सीहोर मार्ग फोरलेन होने के बाद इस सड़क के माध्यम से जहां व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी वहीं ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों को भी भोपाल न जाकर श्यामपुर से जिला मुख्यालय और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आवाजाही आसान तो होगी ही वहीं शहरी क्षेत्र में काम से आने वाले ग्रामीणों को भी सहुलियत रहेगी। गौरतलब है कि सीहोर श्यामपुर सड़क को फोरलेन सड़क में बदले जाने की आवश्यक्ता प्रतिपादित करते हुए काफी समय पूर्व क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय द्वारा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मांग की थी। बीते दिवस जब केन्द्रीय मंत्री भोपाल पहुंचे तो विधायक श्री राय ने उनका स्वागत करते हुए अपनी मांग से अवगत कराते हुए उन्हें स्मरण कराया जिसपर मंत्री ने उक्त घोषणा की।

# तकनीकी अमला घर-घर जाकर कर रहा है पानी का परीक्षण



**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल निगम के अधिकारियों एवं तकनीकी अमले द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा स्थानीय आंगनबा?ी कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्रामवासियों को फील्ड टेस्टिंग किट के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है और उन्हें जल गुणवत्ता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणजन स्वयं भी समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सतर्कता बरत सकें।

इसी क्रम में मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं नीलकंठ-भैरूंदा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न स्थानों से लिए गए पेयजल नमूनों की फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जांच की गई। जल निगम की अधिकारी श्रीमती मनेंद्र कटियार ने बताया कि जांच के दौरान पानी के प्रमुख और आवश्यक मानकों जैसे रंग, पीएच मान, फ्री क्लोरीन सहित अन्य स्वास्थ्य से जुड़े मापदंडों की बारीकी से जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जा रहा पेयजल निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं। जांच प्रक्रिया के दौरान ग्रामवासियों को यह भी समझाया गया कि जल में रंग, गंध या स्वाद में किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है और ऐसी स्थिति में तत्काल संबंधित विभाग को सूचना देना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण करने, जल स्त्रोतों की निरंतर निगरानी रखने तथा पेयजल गुणवत्ता की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

# भोपाल ने सीहोर को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया




**जागरण, सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर रविवार को मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली गई एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एक तरफा रहा, इसमें भोपाल की लेक सिटी फुटबाल टीम ने सीहोर बिल्डअप को 3-0 से हराया और 51 हजार रुपए का पुरस्कार और विजेता ट्राफी अपने नाम की। वहीं उपविजेता सीहोर टीम को 31 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की। इसके अलावा करीब डे? लाख रुपए की इनामी राशि खिलाड़ियों को पुरस्कार के रूप में प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और जितेन्द्र तिवारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

पुरस्कार वितरण के दौरान मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अमित रंजन देव, एचएस नकवी, कमलेश अग्रवाल, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, दीपक गुरुवानी, अरुण राठौर, मनोज कन्नोजिया, मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित मामा, विपिन पवार, विजेन्द्र परमार, ज्योति गौर आदि शामिल थे। रविवार को दोपहर में खिताबी कांटे के मुकाबले में दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। भोपाल लेक सिटी की टीम ने सीहोर के पियुष थापा के गोल करने के प्रयास को असफल करते हुए मैच के 34 वें मिनिट में भोपाल की ओर से अल्तमश ने गोल किया। इसके बाद कुस्तुभ ने 45 वें मिनिट और तीसरा गोल 60 मिनिट पर भोपाल की ओर से सौरभ ने किया।

### संगीतमय भागवत कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**सीहोर।** संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन प्राचीन बटेश्वर मंदिर में किया गया। मंदिर स्थल के पास भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। हर साल शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने की अपील की है। कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा में पहले दिन भागवत का महत्व के अलावा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र आदि का वर्णन विस्तार किया गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण इसलिए जरूरी है क्योंकि यह मन को शुद्ध करती है, संस्कारों को जगाती है, जीवन जीने की कला सिखाती है और जन्म-जन्मांतर के पापों को नष्ट कर मुक्ति दिलाती है; यह कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है, क्योंकि यह स्वयं भगवान का शाब्दिक रूप है और इसके सुनने से परमानंद की प्राप्ति होती है, जो अन्य साधनाओं से कठिन है। शरीर भगवान की धरोहर है, शरीर जिस पर व्यक्ति नाज करता है वह भगवान का दिया गया प्रसाद है। जिसे खराब करने का अधिकार किसी को नहीं है। लेकिन कुछ लोग नशे की बुरी आदतों में फंस कर अपना शरीर खराब करने में लगे हुए हैं।

### सर्व ब्राह्मण महिला मंडल का हल्दी-कुमकुम उत्सव आयोजित

**सीहोर।** शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण महिला मंडल के तत्वाधान में आस्था और उत्साह के साथ हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर साल महिलाओं के द्वारा हल्दी-कुमकुम उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस साल भी ब्राह्मण धर्मशाला में उत्सव के साथ आयोजन किया गया और मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। महिलाओं के द्वारा कीर्तन और भजन के पश्चात भोजन प्रसादी वितरण की गई। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान सुहाग सामग्री महिला मंडल की ओर से भेट की गईं एवं आगामी माह मे 1 मार्च को फाग उत्सव मनाना सुनिश्चित किया गया।



# अयोध्या तो झांकी है मथुरा-काशी अभी बाकी है, हिंदू सिख भाई-भाई : कुशवाहा

**जागरण, सीहोर।** काला पहाड़ पर रविवार को वंदे मातरम का जय घोष गूंज उठा। हजारों सनातन धर्मियों ने हर हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगाया। विराट हिंदू सम्मेलन में मोगरा मंडल के 13 से अधिक गांव के महिला पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। सनातन धर्मियों को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा और अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ की पदाधिकारी रमिला परमार, पूरण मेवाड़ा, योगेश वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। भगवान श्री राम दरबार और हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित राजेश शर्मा और काला पहाड़ हनुमान मंदिर समिति सहित 13 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने शुभारंभ किया।



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जगदीश कुशवाहा ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हिंदू सनातन धर्म के द्वारा ही हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। इसी श्रेणी में रविवार को काला पहाड़ पर मोगरा मंडल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों सनातन धर्मियों के हित के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि अब इस देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है लैंड जिहाद लव जिहाद थूक जिहादी वोट जिहाद नहीं चलेगा। कट्टरपंथियों को अब मुंह तोड़ जवाब मिल रहा है। हिंदू संगठन दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। भाई गंगा गांव को हमें बचाना है उन्होंने कहा कि हिंदू और सिख भाई-भाई हो सकते हैं और कोई नहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जितेंद्र सेन ने कहा कि हम अब बटेंगे नहीं जात पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई-भाई की नीति पर चलेंगे और देश को विश्व गुरु बनाएंगे। गाय माता को काटने से बचाएंगे गांव को सुरक्षित रखेंगे और और पवित्र गंगा को भी स्वच्छ रखेंगे। विराट हिंदू सम्मेलन में हसनाबाद, आमाझिर, मोगराराम, अल्हड़ाखेड़ी, सारंगाखेड़ी, जहांगीरपुरा, नयापुरा, काला पहाड़, धबोटी, धामनखेड़ा, कहरी, अवंतीनगर सहित अनेक गांवों के महिला पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर उमड़ा जनसैलाब, दुख-दर्द हुए दूर

**सीहोर।** जिले के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में रविवार की सुबह ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर देखने-सुनने वाले के मन को आस्था और विश्वास से भर दिया। आधुनिकता की तेज़ रफ्तार के बीच भी जब ग्रामीण अंचल में देवी-देवताओं की परंपरागत आस्था जीवंत रूप में सामने आती है, तो उसे चमत्कार कहें या अटूट श्रद्धा-यह तय कर पाना कठिन हो जाता है। चंदेरी में देवधर्मी की गादी पर जो कुछ घटित हुआ, उसने सैकड़ों लोगों के दिलों में उम्मीद की लौ जगा दी। सुबह होते ही चंदेरी के अलावा पिपलिया मीरा, भगवानपुरा, आलमपुरा, बिलकिसगंज, अल्हदाखेड़ी, चौंदी, तज, अमरोद, खामलिया, थूना, पचामा, नयापुरा, बैरागढ़ खुमान, मगरखेड़, जमनी, पड़ली, सेवनिया, अवंतीपुरा, कौड़िया सहित आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों से ग्रामीण गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ देवधर्मी की गादी पर पहुंचे। महिलाएं सिर पर कलश लिए, पुरुष जयकारे लगाते और बच्चे उत्सुक निगाहों से इस अनोखे दृश्य को देख रहे थे।

आज किया जाएगा महायज्ञ के दौरान अग्नि स्थापन, नित्य हवन-पूजन होंगे

# ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर भक्तिमय हुआ शहर

**जागरण, सीहोर।** शहर के प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर गंज में ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को आस्था और उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर दोपहर में गंज स्थित राठौर धर्मशाला से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, खासकर महिलाएं, अपने सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया, और यह यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गई, जिससे सड़कें भक्तों से भर गईं और जयकारों से गूंज उठीं, जो सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना का प्रतीक है। कलश यात्रा शहर के माता मंदिर पर पहुंची इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा के सानिध्य में करीब 108 से अधिक विप्रजनों के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान किए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि रविवार से आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर संयुक्त मां कालका उत्सव समिति और शहरवासियों के तत्वाधान में किया जा रहा है। यहां पर लगातार नौ दिनों तक नगर भोज का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन हवन पूजन के पश्चात शाम को सभी क्षेत्रवासी और यजमान सहित क्षेत्रवासी एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। वहीं सोमवार को सुबह सात बजे से महायज्ञ के दौरान अग्नि स्थापन नित्य हवन पूजन का क्रम आरंभ होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से ऐतिहासिक आयोजन में भगवती, प्रारम्बा, जगदम्बा की प्रसन्नता के लिए दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं हवन इत्यादि में शामिल होने की अपील की है। यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन लोगों के जीवन से परेशानियों को दूर करने और शांति व समृद्धि की प्राप्ति के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, यह यज्ञ किसी व्यक्ति या उसके परिवार की इच्छाओं की पूर्ति के लिए अत्यंत प्रभावी है।





## न्यूज कार्नर

### नीलकंठ तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** आस्था के पावन धाम नीलकंठ में माँ नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा का दृश्य देखने को मिला। जहाँ शनिवार को भव्य चुनरी महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत नीलकंठ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा से हुई। गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के साथ निकली इस चुनरी यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। माँ नर्मदा के तट पर पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ। नगर के पव्यवसायी विजय-राम खंडेलवाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में माँ नर्मदा का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। तट पर लगभग 3 घंटे से भी अधिक समय तक विद्वान पंडितों के सानिध्य में पूजा-अर्चना और विशेष आरती चलती रही। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में माँ नर्मदा की जलधारा को विशाल चुनरी अर्पित की गई। चुनरी अर्पण के इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु तट पर उपस्थित रहे। पूजन समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। आयोजक खंडेलवाल परिवार ने बताया कि माँ नर्मदा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के उद्देश्य से यह चुनरी महोत्सव और भंडारा आयोजित किया गया था। इस दौरान माँ रेवा के जयकारों से नीलकंठ का तट गूंज उठा।

### संत रविदास जयंती पर होगी भजन प्रतियोगिता

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से.डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में विशाल भजन प्रतियोगिता (लंगड़ी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक संतोष गौर ने बताया कि यह क्षेत्र का अत्यंत लोकप्रिय कार्यक्रम है जो प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 4 फरवरी 2026 को रात्रि 9 बजे से स्थानीय बस स्टैंड प्रांगण भैरुंदा में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडलों के लिए कई पुरस्कार रखे गए हैं। जिसमें प्रथम पुरस्कार 31,000 मातेश्वरी इंटरप्राइजेज लाला, राकेश गौर और सियाराम यादव, द्वितीय पुरस्कार 21,000 दिनेश कुशवाह, तृतीय पुरस्कार 15000 सुनील गोल्या और लाल मियां मंसूरी, चतुर्थ पुरस्कार 11,000 कमलेश गुप्ता, पंचम पुरस्कार 10000 संजय पटेल गोरखपुर , षष्टम पुरस्कार 9000 स्व.राम प्रसाद धावरे की स्मृति में, सप्तम पुरस्कार 8,000 स्व.राम सिंह बेड़ा की स्मृति में,अष्टम पुरस्कार 7,000 स्व.जय राम चौधरी की स्मृति में, नवम पुरस्कार 6000 स्व.श्रीमती द्वारिका बाई मीणा की स्मृति में, दशम पुरस्कार 5000 राजेश बकोरिया द्वारा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 11,000 की राशि अध्यक्ष कमलेश पैठारी और 11,000 की राशि समाजसेवी शांतिलाल जादोनी द्वारा सहयोग स्वरूप प्रदान की जाएगी।

### सामाजिक व धार्मिक कार्यों को दी सहायता

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** अत्यंत सरल हृदय और धार्मिक आस्था की प्रतिमूर्ति नर्मदा देवी पटेल के देवलोक गमन के पश्चात उनके जीवन मूल्यों को जीवंत रखने के लिए पटेल परिवार ने एक अनुकरणीय पहल की है। उनके निधन से उपजे शोक को शक्ति में बदलते हुए उनके पति गुलाब सिंह पटेल एवं पुत्र उमाशंकर, ललित, अजय और सतीश पटेल ने उनकी पुण्य स्मृति में 1,00,300 राशि समाज सेवा और धर्म संरक्षण हेतु दी है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, अध्यात्म और जरूरतमंदों की सेवा के प्रति नर्मदा देवी के संस्कारों को चिरस्थायी बनाना है। इस सेवा संकल्प के तहत परिवार ने खातेगांव छात्रावास समिति को 41000 हजार की विशेष राशि भेंट की, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण विद्यार्थियों को उचित शिक्षा मिल सके। शिक्षा की इसी लौ को प्रज्वलित रखते हुए भोपाल, देवास और उज्जैन की छात्रावास समितियों को भी 11-11 हजार की सहायता राशि प्रदान की गई है। धार्मिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था प्रकट करते हुए परिवार ने श्री राम जन्मभूमि परमार्थ ट्रस्ट अयोध्या को 11 हजार, साथ ही सामाजिक सरोकारों के निमित्त भैरूंदा धर्मशाला समिति और कलोता विद्या पीठ, जलोदिया पंथ को 7100-7100 की राशि प्रदान की। इस अवसर पर राम मंदिर नारायणपुरा के पुजारी अश्वनी चौबे का सम्मान करते हुए उन्हें भी सहयोग राशि भेंट की गई।

सड़क के बीचों बीच ठेले लगने से वाहनों के निकलने की जगह बेहद कम रह जाती है

# सड़क पर सब्जी बाजार बना मुसीबत, पीली करार में दिनभर जाम से लोग परेशान



**जागरण बुधनी।** नगर के व्यस्ततम क्षेत्र पीली करार में सड़क के ऊपर लग रहे सब्जी बाजार, अव्यवस्थित पार्किंग और नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के चलते रविवार को पूरे दिन यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हालात यह रहे कि सुबह से लेकर दोपहर तक चार बार जाम की स्थिति बनी, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार सुबह होते ही पीली करार की मुख्य सड़क पर दोनों ओर सब्जी विक्रेता दुकानें सजा लेते हैं। सड़क के बीचों बीच ठेले लगने से वाहनों के निकलने की जगह बेहद कम रह जाती है। सब्जी खरीदने आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे कुछ ही देर में जाम लग जाता है। नेशनल हाईवे निर्माण बना अतिरिक्त समस्या पीली करार से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। कई स्थानों पर सड़क खुदी हुई है, कहीं मलबा पड़ा है तो कहीं डायवर्जन के स्पष्ट संकेत नहीं लगे हैं। निर्माण कार्य के चलते भारी वाहन भी इसी मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक एंबुलेंस को भी जाम में फंसते देखा गया, जिसे निकलने में काफी समय लगा। इस स्थिति से लोगों में आक्रोश है और वे इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही मान रहे हैं।

### स्थानीय लोगों ने की है मांग

वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर बाजार लगना पूरी तरह गलत है, जबकी सब्जी बाजार के लिए अलग स्थान नियत किया गया है बावजूद सड़क के दोनों और बाजार लगता है स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सब्जी बाजार को तत्काल सड़क से हटाकर उनको जो स्थान दिया है वहां पर शिफ्ट किया जाए, नेशनल हाईवे निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाएं और पीली करार क्षेत्र में नियमित रूप से यातायात पुलिस की तैनाती की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लगातार लग रहे जाम से न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि आम जनता को मानसिक और आर्थिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

### यातायात दिखा ठप्प

फोर लाइन निर्माण कार्य में लगातार सामने आ रही लापरवाहियों ने रविवार को यातायात व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया।. ठेकेदार द्वारा बिना प्लानिंग सड़कखोद कर छोड़ दी, न संकेत बोर्ड न मार्ग-व्यवस्थास्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा फोर लाइन निर्माण पूरी तरह बिना प्लानिंग के चल रहा है। सड़क के दोनों ओर खोदाई कर रास्ता छोटा कर दिया गया, लेकिन ट्रैफिक डायवर्जन, अस्थायी मार्ग या संकेत बोर्ड लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई द्यइंदौर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 146-बी पर बन रही इस सड़क की रफ्तार इतनी धीमी है कि कई महीनों से काम अधूरा पड़ा हैबुधनी से भेरूंदा तक चल रहे फोर लाइन सड़क निर्माण कार्य की लेट-लतीफी अब क्षेत्र के लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है फोर लेंस हयात निर्माण का उद्देश्य जनता की सुविधा बढ़ाना था लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की अनदेखी ने से परेशानी का पर्याय बना दिया है अब जनता की मांगे की सरकार और प्रशासन इस परियोजना की जवाब दे तय करें और जल्द ही राहत दिलाए ।जहां जनता को चौड़ी और मजबूत सड़क की उम्मीद थी,वहीं अब गड्ढे, धूल और जाम ने रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी है ।ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय चुप्पी ने इस परियोजना को सुस्त बना दिया है।

# अवैध शराब परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार, वाहन भी जब्त




**जागरण बुधनी।** शाहगंज पुलिस ने अवैध शराब को परिवहन करते का एक आरोपीको गिरफ्तार किया है एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब जप्त करने में सफलता हासिल की है ।थाना प्रभारी शाहगंज निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में द 17 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टाटा सूमो वाहन में अवैध शराब भरकर एक व्यक्ति बाड़ी की ओर से आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उनि. मनोज कुमार मालवीय एवं पुलिस स्टाफ द्वारा जोनतलाङ्कमछबाई रोड के बीच तत्काल घेराबंदी की गई ।कुछ समय पश्चात बकतरा की ओर से आ रही संदिग्ध टाटा सूमो को रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आयुष बैध उर्फ आयुष शर्मा, पिता स्व. सीताराम बैध, उम्र 28 वर्ष, निवासी सूरजगंज, इटारसी, जिला नर्मदापुरम बताया।त लाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जिसमेंगोवा कंपनी की अंग्रेजी शराब 07 पेटी (63 लीटर), कीमत 45,000देशी प्लेन मसाला क्वार्टर 07 पेटी (63 लीटर), कीमत 35,000देशी प्लेन मदिरा (सफेद) 02 पेटी (18 लीटर), कीमत 8,000एम.डी. रम क्वार्टर ङ्क 01 पेटी (8.64 लीटर), कीमत 8,160कुल जप्त शराब की मात्रा 152.64 लीटर, कुल 848 क्वार्टर, जिसकी अनुमानित कीमत 96,160 बताई गई है ।पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ टाटा सूमो वाहन को भी जप्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में आगे की जांच जारी है।

# कांग्रेस के बूथ चलो-गांव चलो अभियान ने पकड़ी गति



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बूथ चलो- गांव चलो कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम पंचायत तिलाड़ियां में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गोलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम तिलाड़िया के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष का उत्साहपूर्वक और आत्मीय स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को जनता के बीच ले जाने पर जोर दिया। बैठक में कांग्रेस परिवार के अनेक साथी और पदाधिकारी सम्मिलित हुए जिनमें मुख्य रूप से अजय सिंह पटेल, दानवीर सिंह, चरण सिंह, जगदीश राजपूत, दर्शन सिंह, केवल राम, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र राजपूत, इकबाल सिंह, बलराम सिंह, प्रताप सिंह, सुमित सिंह, दीपक सिंह, कप्तान सिंह, नरेंद्र सिंह, लाल सिंह, नर्मदा प्रसाद और नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समरसता भोज ने दिया एकता का संदेश

**जागरण, भैरुंदा-गोपालपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गोपालपुर मंडल के स्थानीय सारण गार्डन में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों सनातनी बंधुओं ने सम्मिलित होकर अपनी वैचारिक और सांस्कृतिक एकता का परिचय दिया। सम्मेलन का शुभारंभ देशप्रेम और धर्म के प्रति जागरूकता लाने वाले बौद्धिक सत्रों से हुआ। वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व और राष्ट्र निर्माण में हिंदू समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय परंपराओं और गौरवशाली इतिहास का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण समरसता भोज रहा। यहाँ जाति-पाति और भेदभाव की दीवारों को तोड़कर सैकड़ों सनातनियों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

# मौनी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गुंजायमान हुए घाट



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार को क्षेत्र के विभिन्न नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों की आस्था भारी पड़ी और अलसुबह से ही नर्मदा स्नान, पूजन और दान-पुण्य का सिलसिला प्रारंभ हो गया जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। क्षेत्र के प्रसिद्ध नर्मदा तट नीलकंठ, मंडी, सीलकंठ और छिपानेर में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया था। नीलकंठ तट पर मेला जैसा माहौल नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर कई किलोमीटर की पदयात्रा कर नर्मदा तट तक पहुंचे। मौन रहकर स्नान करने के महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और माँ नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

नर्मदा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने तट पर स्थित भगवान भोले के मंदिर में दर्शन किए। भक्तों ने नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता के अनुसार मौनी अमावस्या पर दान का विशेष महत्व होता है, जिसके चलते घाटों पर श्रद्धालुओं ने अपनी सामर्थ्य अनुसार तिल, गुड़, वस्त्र और अनाज का दान किया। रविवार सुबह से ही कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रभाव रहा। लेकिन यह ठंड भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाई। सूर्योदय से पहले ही स्नानार्थियों की टोलियां घाटों पर पहुँचने लगी थीं। सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न घाटों पर प्रशासन और पुलिस बल भी मुस्तैद रहा ताकि स्नान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। देर शाम तक नर्मदा तटों पर दीपदान और आरती का क्रम चलता रहा। जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

# लूट की वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश तीन आरोपी और एक बाल अपचारी गिरफ्तार

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** पुलिस ने क्षेत्र में झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में तीन मुख्य आरोपियों सहित एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। इनके पास से चोरी का माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार बीते 16 जनवरी 2026 को फरियादी नीलेश राठौर निवासी धोलपुर थाना गोपालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात तीन बाइक सवारों ने उससे चांदी की चैन और पर्स जिसमें 12,000 रुपये नगद थे छीन लिए हैं। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 38/2026 के तहत धारा 304 (2) बी एन एस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। लूट की वारदात को देखते हुए एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान हुई। पुलिस ने दबिश देकर अरमान खान (20 वर्ष), आहद खान (26 वर्ष) और मोहम्मद अरसद खान उर्फ मुविन (28 वर्ष) के साथ एक बाल अपचारी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

**अपने महंगे शौक को पुरा करने देते थे घटना को अंजाम**

पुलिस के मुताबिक आरोपी आदतन अपराधी है। इनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। चोरी एवं लूट की घटनाओं को अंजाम देने के लिए यह लगातार रेकी करते रहते थे। उनके शौक महंगे थे और आज के दौर में अपने महंगे शौकों को पूरा करने के लिए यह इस तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। महंगे कपड़े पहनना और बाइक से घूमने उनके मुख्य शौक में शामिल था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से झपटमारी की गई चांदी की चैन, एक पर्स, 1,000 रुपये नगद और वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग 90,000 रुपये बताई जा रही है। मामले में छीनी गई चैन खरीदने के आरोप में आरोपी आहद के विरुद्ध धारा 317 (2) बीएनएस का इजाफा भी किया गया है। इस मामले में उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र सिंह, आरक्षक आनंद गुर्जर, प्रकाश नर्रे, प्रवीण सोलंकी, विश्वास और साइबर सेल सीहोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न,ग्रामीण संस्कृति और अयोध्या धाम की झांकियों ने मन मोहा

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर की केशव बस्ती में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन शुभम कॉन्वेंट विद्यालय के पीछे स्थित मैदान पर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज में समरसता और स्वदेशी का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जो कालोनी के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुँची। सम्मेलन के दौरान केशव वस्ती ग्राम दर्शन का केंद्र बन गया। आयोजन स्थल पर घास की झोपड़ी, बैलगाड़ी और पारंपरिक ग्रामीण परिवेश की सजीव झांकियां सजाई गईं। जिसने लोगों को पुरानी ग्रामीण संस्कृति की याद दिला दी। विशेष रूप से अयोध्या धाम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें सीता रसोई, चौका-चूल्हा, शबरी की कुटिया और लवकुश पुस्तकालय जैसी प्रदर्शनियों के माध्यम से भारतीय गौरव को दर्शाया गया। बच्चों द्वारा धारण किए गए रामलला, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के सजीव रूपों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रजकिशोर भार्गव (प्रांत ग्राम विकास प्रमुख) ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सीमाएं देव निर्मित हैं। इसलिए इसे देवभूमि कहा जाता है। उन्होंने समरसता पर जोर देते हुए कहा कि जिस तरह भगवान राम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए थे उसी तरह हमें भी समाज में भेदभाव मिटाकर भाईचारे के साथ रहना चाहिए। उन्होंने स्व का बोध कराते हुए स्वदेशी भोजन, भजन, भाषण और भूषा अपनाने का आह्वान किया। भार्गव ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में ग्राम-ग्राम और बस्ती-बस्ती तक अपनी संस्कृति और संस्कारों के पुनर्जागरण का कार्य कर रहा है। सम्मेलन में मातृशक्ति वक्ता चित्रलेखा पचौरी, ब्रह्मकुमारी उर्मिला दीदी और आयोजन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महिलाओं से आग्रह किया कि वह परिवार के पुरुषों को संघ की शाखाओं से जोड़ें ताकि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भारत माता की आरती की गई, जिसके पश्चात आयोजित समरसता भोज में बड़ी संख्या में नागरिकों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

फाइनल में एकता इलेवन को हराया, प्रथम पुरस्कार तीन लाख रुपये किया अपने नाम

# धुरंधर अंदाज में आर आर इलेवन ने जीता युवा शक्ति कप




**जागरण बुधनी।** बुधनी नगर के दशहरा मैदान में आयोजित स्वर्गीय पवन पटेल की स्मृति में युवा शक्ति कप सीजन-7 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मैच में आर आर रफ्तार इलेवन और एकता इलेवन की टीम आमने-सामने थी, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए आर आर इलेवन ने खिताब पर कब्जा जमाया प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार तीन लाख रुपये, जबकि उपविजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये की राशि का इनाम विधायक रमाकांत भार्गव के कर कमलो द्वारा प्रदान की गई ।एकता इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाए 85 रन एकता इलेवन की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए 85 रन बनाए। एकता इलेवन के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत की, लेकिन आर आर इलेवन के गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में शानदार वापसी करते हुए रन गति पर अंकुश लगाया।आर आर इलेवन की धुआंधार बल्लेबाजी, लक्ष्य किया हासिल

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर आर रफ्तार इलेवन की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बल्लेबाजों ने चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और निर्धारित ओवरों से पहले ही लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। टीम की जीत पर मैदान तालियों से गूंज उठा।

पूरे टूर्नामेंट में शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करने वाले सागर भंडारी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप एलईडी टीवी भेंट की गई। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव तथा विशेष अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। उन्होंने दशहरा मैदान पर हाई मास्क लाइट लगवाने घोषणा की जल्द ही मैदान पर लाइट लगाई जाएगी जिससे कि डे नाइट मैच भी हो सकेंगे फाइनल मुकाबला समापन अवसर पर मुख्य रूप से होशंगाबाद से पीयूष शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा राजेश पाल संतोषगौर सतीश गुप्ता किशन मालवीय धीरेंद्र तिवारी ललित शर्मा विजय बहादुर सिंह पवन चंद्र फेरी मांगीलाल यादव चंद्रभूषण त्रिपाठी प्रभात भदोरिया यशवंत सिंह चौहान श्रीकांत शर्मा योगेश मालवीय विशाल खत्री युवा शक्ति कप के अध्यक्ष तमजीर खान मंटू विजय सक्सेना सोनू चौहान आशीष चौहान पंकज पटेल दीपक गौर टिंकल आदि क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे।

### जन्मोत्सव पर निकलेगी विशाल चुनरी यात्रा

**भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** माँ नर्मदा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 25 जनवरी रविवार को ग्राम नीलकंठ में विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। माँ नर्मदा पुण्यप्रदा समग्र सेवा समिति नीलकंठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे पौधारोपण के साथ होगी। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी सुधीर कुशवाहा, तहसीलदार सौरभ शर्मा, नगर परिषद सीईओ संजय अग्रवाल, एसडीओपी रोशन जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। इसके पश्चात शाम 4:20 बजे श्री संत सिंगाजी मंदिर पर चुनरी का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा और 4:40 बजे से भव्य चुनरी यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माँ नर्मदा के पावन तट नीलकंठ तक पहुँचेगी। शाम 5:30 बजे नर्मदा तट पर भव्य दीपदान और महाआरती का आयोजन होगा। जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### विभाग की अनदेखी से अतिक्रमण की चपेट में वन चौकी

# अनदेखी के कारण जावर जोड़ स्थित वन विभाग की चौकी बदहाल अवस्था में

**जागरण, जावर।** दशकों पहले वन परिक्षेत्र जावर अंतर्गत जावर जोड़ पर वन विभाग द्वारा वनोपज चेकिंग नाका और चौकी स्थापित की गई थी। वन विभाग द्वारा अनदेखी का शिकार हुई चौकी, अपनी बदहवाली पर आंसू बहा रही हैं। विभाग के जवाबदारों की उपेक्षा की शिकार वन चौकी अब अतिक्रमण की चपेट में भी आने लगी है जबकि यहा पर वन विभाग के अधिकारियों का अनाजाना इसी मार्ग से लगा रहता है इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे है। इन्दौर हाईवे पर फौरलेन बना है तब से वन चौक हाईवे के नजदीक आने से कई



दुर्घटनाऐ भी घट चुकी है अब इस वन चौकी को अतिम्रमणकारियों ने अपना अड्डा बना लिया हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र की सुरक्षा और वनोपज की निगरानी हेतु जावर जोड़ पर चौकी की स्थापना कई दशकों पहले की गई थी। लेकिन कुछ दशक पहले से वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की देखरेख से दूर हुई चौकी बदहाल अवस्था में आ चुकी हैं। विभाग की अनदेखी के चलते लोगो द्वारा अतिक्रमण भी किया जा रहा हैं। विभाग को चाहिए कि जावर जोड़ स्थित वन चौकी को पुनर्स्थापित किया जाऐ।

# देवबड़ला में मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने किया स्नान

**जागरण, आष्टा।** देवांचद धाम देवबड़ला बीलपान में पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर बाबा विलवैश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख व समृद्धि के लिए मंगल कामना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी व विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया माघ मास की अमावस्या जिसे मौनी अमावस्या कहते हैं यह योग पर आधारित महाव्रत है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान, दान आदि पुण्य करने के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा करने का भी खास महत्व हैं। मान्यता है कि इससे सौभाग्य बढ़ता है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार,



शिवलिंग पर कुछ विशेष पत्ते अर्पित करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं और आर्थिक तंगी भी दूर हो सकती है। मौनी अमावस्या का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व होता है। इस तिथि पर मौन रहकर स्नान, दान करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है माघ मास में पड़ने वाली अमावस्या तिथि पर भगवान शिव की पूजा अवश्य करनी चाहिए। साथ ही, इस दिन सुबह स्नानादि करके शिवलिंग का अभिषेक करें उन्हें आक के पत्ते अर्पित करें। आक के पेड़ का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व है। इसे बहुत शुभ और पवित्र माना जाता है। आक के पत्ते और फूल भगवान शिव को बेहद प्रिय हैं। ऐसे में अमावस्या के दिन शिवलिंग पर आक के पत्ते जरूर चढ़ाएं।

# दिगंबर जैन किला मंदिर में निजानंद ज्ञानामृत सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**जागरण, आष्टा।** दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि आष्टा के श्रद्धालुओं का अत्यंत पुण्य हैं कि हमारे अल्प प्रवास काल में एक-दो नहीं, बल्कि तीन-तीन बड़े धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि यह सब नगरवासियों के पूर्व पुण्य और धर्म के प्रति गहरी आस्था का परिणाम है।

मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गृहस्थ भी निश्चय धर्म का ध्यान कर सकता है। वर्तमान समय में चौथे आत्मा वाले जीवद्रव्य के गुणों का गुणगान कर सकते हैं और यही वास्तव में तीर्थंकरों का सच्चा गुणगान है।उन्होंने कहा कि लोक व्यवहार में कई बार व्यक्ति मिथ्यादृष्टि का भी सम्मान कर लेता हैं, किंतु उसमें प्राणी मात्र के प्रति सम्यक दृष्टि का भाव नहीं होता, इसलिए धर्म और व्यवहार का अंतर समझना आवश्यक है। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि व्यवहार धर्म और लोक धर्म में मूलभूत अंतर है। यदि इस अंतर को जीवन में आपने समझकर अपनाया तो व्यक्ति अशुभ कर्मों से बच सकता है और उसका जीवन शांतिपूर्ण बनता है। रत्नात्रय, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यकचारित्र देव, शास्त्र और गुरु की आराधना यही वास्तविक धर्म है। वहीं मानव सेवा, समाज सेवा और देश सेवा लोक व्यवहार हैं, उन्हें धर्म के साथ मिलाना भ्रम उत्पन्न करता है। दोनों में भेद न रखने से व्यक्ति धीरे-धीरे धर्म से दूर होता चला जाता है।

मुनिश्री ने कहा कि गृहस्थ जीवन में किए जाने वाले कार्य यदि पिच्छिका-कमंडल धारण कर किए जाएं, तो वह अनुचित है। केवल भेष धारण कर लेने से आत्म-कल्याण नहीं होता। पिच्छिका-कमंडल धारण किए हुए भी ऐसा व्यक्ति मोक्ष मार्गी नहीं, बल्कि संसारी मार्गी कहलाता है। जैसे गृहस्थ परिवार के पालन हेतु परिश्रम करता हैं, उसी प्रकार धर्मात्मा को यह सोचना चाहिए कि यदि व्रत धारण किया हैं, तो आगम और सिद्धांत के अनुसार ही जीवन जीना चाहिए। सिद्धांतों से खिलवाड़ करना धर्म का शत्रु बनना है और यह तीर्थंकर की वाणी की अवहेलना के समान है। मुनिश्री ने कहा कि दिगंबर भेष तीर्थंकर की वाणी पर अमल करने के लिए है। आगम के अनुसार मुनि चलेंगे तो निश्चित अपने मनुष्य भाव को सार्थक करेंगे। यदि गृहस्थ रहते या सामाजिक-राजनीतिक जीवन में जो कार्य किए जाते थें, वही दीक्षा के बाद भी किए जाएं, तो यह धर्म को बदनाम करने जैसा है। जो साधु भेष में जीना सीखते हैं, वही कर्मों की निर्जरा करते हैं और सिद्धालय की यात्रा करते हैं। केवल वस्त्रों का त्याग पर्याप्त नहीं, बल्कि पूर्व के गलत भावों का भी त्याग आवश्यक है। पिच्छिका-कमंडल के साथ रत्नत्रय का धारण अनिवार्य है। मुनिश्री ने कहा कि श्पंचम काल में मोक्ष नहीं हैए इसलिए संयम क्यों लेंश्कृयह विचार पूर्णतः गलत है। जिस प्रकार आम खाने के लिए पहले पेड़ लगाया जाता हैए उसी प्रकार संयम धारण करने पर ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। समाधि मरण के लिए केवल बाह्य क्रिया नहींए बल्कि भावों की शुद्धता भी आवश्यक है। बिना भाव के समाधि मरण संभव नहीं।

मुनिश्री ने कहा कि जो व्यक्ति मंदिर में धर्म करता हैं और घर जाकर परिवार से क्लेश करता हैए उसका धर्म निष्फल हो जाता है। अपनी परिणति को संभालना अत्यंत आवश्यक है। आगम के शब्दों के साथ छल-कपट नहीं किया जाता। वक्ता को वही बोलना चाहिए जो आगम में लिखा हैं, अन्यथा वह सच्चा वक्ता नहीं कहलाता। जैन दीक्षा कर्मों को उतारने के लिए ली जाती हैं, न कि पिच्छिका-कमंडल का बोझ उठाने के लिए।

**20 जनवरी से शिविर के साथ होगी परीक्षाः**-मुनिश्री ने प्रवचन के दौरान बताया कि 20 जनवरी से निजानंद ज्ञानामृत सम्यक ज्ञान शिक्षण शिविर मुनि संघ के सानिध्य में आयोजित होगा। जो प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक होगा और इसमें प्रतिदिन समय पर श्रावक-श्राविकाओं को आना आवश्यक है। शिविर के दौरान परीक्षा भी होगी।

## प्रह्लाद मोदी का विधायक सिंह ने किया स्वागत



**जागरण, आष्टा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी का भोपाल से इंदौर जाते समय भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल शर्मा के सागर गेरे ओडी चौपाटी पर रुके, यहां पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने श्री मोदी से भेंट कर उनका आष्टा विधानसभा क्षेत्र की और से स्वागत किया।

## गुरु रविदासजी पुराण 23 जनवरी से

**जागरण, सिराली।** आदर्श अहिरवार समाज संगठन सिराली एवं गुरु रविदास के अनुयायियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में तृतीय वर्ष गुरु रविदासजी पुराण का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 23 जनवरी बसंत पंचमी को कलश यात्रा सुबह 10 बजे, मंदिर शिखर स्थापना 11 बजे एवं कथा 12.30 से 3.30 बजे तक आयोजित होगी। कथा वाचक आत्माराम धनगर के मुखार बिंद से होगा। कथा का समापन 27 जनवरी को भंडारा प्रसादी के साथ होगा।

# शासकीय महाविद्यालय में हुआ ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण, आष्टा।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के तहत स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में युवा भारत विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन एवं ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम किया। शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्रीमती पारुल उपाध्याय उपस्थित थें। सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का ब्लॉक समन्वयक भगवतशरण लोधी ने अंगवस्त्र एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के संबंध में संपूर्ण जानकारी एवं आगामी कार्यक्रम से अवगत कराया।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने स्वामी विवेकानंद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका धैय वाक्य था कि जब तक चलते रहो तब तक लक्ष्य प्राप्त न हो भारत जागरण के नारा भी लगवाए एवं स्वामीजी के संपूर्ण जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उनके द्वारा बताए पथ पर चलने का आग्रह किया। श्रीमती पारुल उपाध्याय ने जिले में हो रहे समस्त गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने स्वामी जी के जीवन प्रकाश डालते हो कहां की उन्होंने अभाव की जिंदगी की कर पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया एवं आध्यात्मिक के माध्यम से भारत को जगतगुरु बनाने में अपना योगदान दिया एवं सनातन की विशेषताओं से विश्व को अवगत कराया।

इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता एवं विशिष्ट गतिविधि प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र नवांकुर संस्था के प्रभारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि सहित मेंटर्स एवं अनेक प्रतिभागी उपस्थित थें। अंत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा स्वदेशी की शपथ दिलाई। संचालन राकेश शर्मा ने तथा आभार मुकेश राठौर ने व्यक्त किया।

## विधायक भीमावद ने विजेताओं को दिया पुरस्कार

**जागरण शाजापुर।** शहर की धरा पर पिछले दो दिनों से चल रहे खेल महाकुंभ का रविवार को गरिमामय समापन हुआ।

खेलो एमपी यूथ गेम्स.2026 के तहत जिला मुख्यालय के विभिन्न मैदानों पर खिलाडियों के जोश और जुनून का सैलाब उमड पडा। कडे संघर्ष और रोमांचक मुकाबलों के बीच शुजालपुर ने बालक और बालिका संयुक्त वर्ग में ओवरऑल विजेता बनकर अपना परचम लहराया, जबकि बालक वर्ग में शाजापुर की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताबी जीत दर्ज की।

### कलेक्टर.एसपी के विजन से मिली खेलों को उड़ान

माह जनवरी 2026 में प्रस्तावित इन खेलों का आयोजन कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के विशेष मार्गदर्शन में किया गया। उनके नेतृत्व में पहले विकासखंड स्तर पर प्रतिभाओं को तराशा गया और फिर 17 व 18 जनवरी को जिला स्तर पर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला।

### विजेताओं के चेहरों पर दिखी जीत की चमक

समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरूण भीमावद रहे। उन्होंने विजेता खिलाडियों और टीमों को मेडलए ट्राफी और प्रमाण.पत्र वितरित किए। इस मौके पर भीमावद ने कहा कि शाजापुर के युवा अब राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं।

मंच पर उनके साथ नागर, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय विशेष रूप से उपस्थित थे।

### इन 20 खेलों में हुई जोर.आजमाइश

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले भर के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। मैदान पर कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, खो-खोए क्रिकेट और एथलेटिक्स का रोमांच रहा, तो वहीं इंडोर और अन्य स्पर्धाओं में रस्साकसी, पिट्ठू, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, बैडमिंटन, मलखंब, टेनिस, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, योगासन, तैराकी और शतरंज में खिलाडियों ने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विभिन्न विकासखंडों से आए प्रशिक्षकों और तकनीकी सहयोगियों की भूमिका अहम रही।

# 6 माह में घटिया निर्माण से बेरछा,मक्सी मार्ग रेल्वे अंडर ब्रिज के नीचे उखड़ी सड़क, वाहन चालक परेशान





**अंडरब्रिज सुधार और मरम्मत कार्य के चलते 10 दिनों तक बंद रहा था मार्ग**

जागरण बेरछा। मक्सी पहुंच मार्ग पर बेरछा-पलसावदसोन के मध्य स्थित रेलवे अंडरब्रिज एलएचएस क्रमांक 75 पर सुधार एवं मरम्मत कार्य के चलते विगत 17 जून 25 से 26 जून 25 तक मार्ग बंद रहा था। करीब 10 दिनों तक मरम्मत कार्य के चलते यातायात बाधित रहा और वैकल्पिक मार्ग बर्डीयासोन .पलसावदसोन रेल्वे का अंडर पास क्रमांक 74 से आवागमन होता रहा। लेकिन मरम्मत की गुणवत्ता पर अब सवाल उठने लगे हैं।

महज छह.सात माह के भीतर ही अंडरब्रिज के नीचे की सड़क उखड़ने लगी है और जगह.जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के दौरान 10 दिनों तक मार्ग बंद रहने से आमजन को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी थीं। उम्मीद थी कि काम पूरा होने के बाद सड़क लंबे समय तक दुरुस्त रहेगीए लेकिन कुछ ही महीनों में हालात फिर बिगड़ गए। गिट्टी और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही हैए वहीं चार पहिया वाहन भी हिचकोले खाते नजर आ रहे हैं।

ज्ञात रहे बरसात के मौसम में भी गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। वाहन चालकों का आरोप है कि मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते सड़क जल्दी खराब हो गई। स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि अंडरब्रिज मार्ग की दोबारा जांच कर गुणवत्ता के साथ स्थायी मरम्मत कराई जाएए ताकि बेरछादृमक्सी मार्ग पर आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

# सड़क दुर्घटना में मौत पर कोर्ट ने परिजनों को 43.33 लाख क्षतिपूर्ति देने का दिया आदेश



**जागरण शाजापुर।** शाजापुर के द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने एक अहम फैसला सुनाते हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। मामला करीब एक वर्ष पुराने सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन की लापरवाही के कारण एक परिवार ने अपना कमाऊ सदस्य खो दिया था। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं जावेद पठान बेरछा ने बताया कि मृतक अविनाश वर्मा 41 वर्ष निवासी नाग-नागिनी रोड, शाजापुर, बीते 6 फरवरी 2025 को अपनी मोटरसाइकिल से मनोरमा गार्डन नैनावद जा रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे जब वे तराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ए.बी. रोड स्थित लखुन्दर नदी ब्रिज के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए अविनाश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में अविनाश सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद थाना तराना में दुर्घटना का मामला पंजीबद्ध किया गया था। मृतक के परिजनों ने न्याय और आर्थिक सहायता के लिए शाजापुर न्यायालय में दुर्घटना दावा याचिका प्रस्तुत की थी। मामले की गंभीरता और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद माना कि दुर्घटना विपक्षी चालक की लापरवाही का परिणाम थी। न्यायालय ने मृतक की आयु, आय और परिवार की निर्भरता को ध्यान में रखते हुए कुल 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि परिजनों को भुगतान करने के आदेश दिए हैं।

# मौसम का यू-टर्न, 24 घंटे में 6 डिग्री उछला पारा, कड़ाके की ठंड के बीच गर्मी की दस्तक




**जागरण शाजापुर।** शहर के मौसम में पिछले 24 घंटों के दौरान जबरदस्त बदलाव दर्ज किया गया है। शुक्रवार की रात जहां कड़ाके की सर्दी ने लोगों को परेशान किया, वहीं शनिवार की रात लोगों को सर्दी से खासी राहत मिली। रात के तापमान में सीधे 6.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री था, जिससे रात में गलन महसूस हो रही थी। इसके ठीक उलट, रविवार को न्यूनतम तापमान चढ़कर 14.7 डिग्री पर पहुंच गया। इस प्रकार एक ही रात के अंतर में ठंड का असर काफी हद तक कम हो गया।

### तेज हवाओं ने बढ़ाई दिन की रौनक

रविवार को दिन का मौसम भी पूरी तरह साफ रहा। दिन का अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, उत्तर-पश्चिमी दिशा से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सुहावना बनाए रखा। वातावरण में आर्द्रता (नमी) 33ः दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञ धनोतिया के अनुसार, हवाओं की दिशा और गति में बदलाव के कारण रात के तापमान में यह अचानक उछाल आया है, जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर पहुंच गया। फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

# संस्कारों और समरसता का प्रतीक बना हल्दी-कुमकुम समारोह



**जागरण शाजापुर।** नगर में पारंपरिक पर्वों और संस्कारों को सहेजने की दिशा में एक अनूठी पहल देखने को मिली। करणी सेना परिवार की उज्जैन संभाग अध्यक्ष रचना मनोज सिंह जादौन के निज निवास पर पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन में शहर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल परंपरा का निर्वहन ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की।

### रिश्तों में मधुरता का माध्यम है यह पर्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हल्दी-कुमकुम महज एक रस्म नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक सूत्र में पिरोने और आपसी रिश्तों में मधुरता घोलने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल परिवार की एकता मजबूत होती है, बल्कि समाज में भाईचारा और सकारात्मक सोच का भी विस्तार होता है।

### महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

इस मिलन समारोह के दौरान केवल रस्में ही नहीं निभाई गईं, बल्कि सामाजिक विषयों, महिला सशक्तिकरण और गिरते पारिवारिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने पर भी गहन चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को एक सामाजिक मंच मिलता है, जिससे वे अपनी आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ पाती हैं।

### प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे एवं फील्ड विजिट कराया

**जागरण शाजापुर।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व.रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में संचालित दो.पहिया वाहन रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे एवं फील्ड विजिट करवाया गया। इस फील्ड विजिट का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को बाजार की वास्तविक स्थितिए ग्राहक की जरूरतों, स्पेयर पार्ट्स की जानकारी तथा दो.पहिया वाहन रिपेयरिंग व्यवसाय की व्यावहारिक समझ प्रदान करना रहा। फील्ड विजिट के दौरान संस्थान के संकाय सदस्य उपस्थित थें।

